# स्वर्ण दिल्ली

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

वर्ष 12, अंक 226 नई दिल्ली
शुक्रवार, 20 सितंबर 2024, पृष्ठ: 8 मूल्य: 5 रुपये


# आतिशी के साथ बाकी मंत्री भी लेंगे शपथ, कैबिनेट में किसे मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली।** दिल्ली की भावी मुख्यमंत्री आतिशी और उनका मंत्रिमंडल 21 सितंबर को शपथ लेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। आम आदमी पार्टी (आप) ने शुरू में तय किया था कि केवल आतिशी ही शपथ लेंगी। हालांकि, बाद में यह तय हुआ कि उनकी मंत्रिपरिषद भी साथ में शपथ लेगी।

आम आदमी पार्टी ने एक बयान में कहा, 'आतिशी 21 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी, उनके साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे।'

अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद आतिशी ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। आतिशी के साथ शपथ लेने वाले संभावित मंत्रियों के नामों पर चर्चा तेज हो गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि कुलदीप कुमार, सोमनाथ भारती और दिलीप पांडे को कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। हालांकि थोड़ी देर में कैबिनेट में शामिल होने वाले नामों की घोषणा हो सकती है।

दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने मंगलवार को कहा था कि वह निवर्तमान सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा उन पर जताए गए भरोसे से खुश हैं, लेकिन इस बात से भी दुखी हैं कि भ्रष्टाचार के झूठे आरोपों के चलते उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा।

उन्होंने कहा था कि अगले कुछ महीनों में दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसमें दिल्ली की जनता केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट करेगी।

43 वर्षीय आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। इससे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित दिल्ली की सीएम रह चुकी हैं। आतिशी मनीष सिसोदिया के शिक्षा मंत्री रहते हुए उनकी सलाहकार के रूप में काम कर चुकी हैं। उन्होंने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की स्थिति को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## केजरीवाल के बाद अब सत्येंद्र जैन को मिलेगी बेल? मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन ने राउज एवेन्यू की विशेष अदालत में जमानत याचिका दाखिल की है। कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद सत्येंद्र जैन की जमानत की मांग वाली याचिका पर ईडी से 25 सितंबर को होने वाली सुनवाई तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

दिल्ली शराब घोटाले मामले में अरविंद केजरीवाल के अलावा राज्य सभा सांसद संजय सिंह, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, तेलंगाना की बीआरसी नेत्री के कविता को पहले ही जमानत मिल चुकी है।

बताया कि जैन को मई 2022 में ईडी ने गिरफ्तार किया गया था और कई महीनों तक मेडिकल जमानत पर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने जून माह में दिल्ली हाई कोर्ट को सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर बिना किसी देरी के फैसला करने को कहा था।


Rahul Solanki
9212227666
9818000550

Estate 'N' Builders

RAGHAV

Estate 'N' Builders

SALE•PURCHASE•RENTING•COLLABORATION

A-27, Mansarover Garden, Ground Floor,
New Delhi- 110015

हर्षबन्धु भागी

Construction,
Architects, Interior
Designer, Vaastu,
Town Planner
Engineers,
Finance Advisor

BANDHU ASSOCIATES

3/82, Ramesh Nagar, New Delhi-110015, Tel. 011-25935400
Mo. 9811127690, 7982961736 E-mail: harshbandhu10@gmail.com

BDS® since 1975

MATTRESS HI MATTRESS

Hush,
Serta,
Kingkoil,
Simmons
Nilkamal,
Therapedic

World Class
Mattresses

BDS®

Ms. Parvinder Kaur
# 9560509507

Visit: 79/3, W.H.S. Kirti Nagar, Delhi - 110015



RNI No. DELHIN/2013/48040 संपादक: सुषमा शर्मा newsswarnadelhi@gmail.com

## सम्पादक की कलम से

### 'आप' की आतिशी पारी

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री पद से अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया। अब आम आदमी पार्टी (आप) में आतिशी को नया मुख्यमंत्री चुना गया है। उन्हें विधायक दल ने सर्वसम्मति से नेता चुना, क्योंकि वह केजरीवाल की पसंद थीं। आतिशी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। जैसे ही आतिशी मुख्यमंत्री पद और कैबिनेट के अन्य चेहरे शपथ ग्रहण करेंगे, उसी के साथ दिल्ली में 'आतिशी पारी' का आगाज होगा। भाजपा की सुषमा स्वराज और कांग्रेस की शीला दीक्षित के बाद आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। सुषमा तो मात्र 52 दिन ही मुख्यमंत्री रहीं, जबकि शीला दीक्षित ने 15 साल 25 दिन तक राजधानी शहर पर शासन किया। आतिशी की ताजपोशी भी अल्पकालिक व्यवस्था है। यदि 'आप' लगातार तीसरी बार विधानसभा चुनाव में विजयी रही, तो उसके बाद केजरीवाल ही मुख्यमंत्री बनेंगे। क्या तब उन पर सर्वोच्च अदालत की शर्तें लागू नहीं होंगी? क्या नए जनादेश के साथ न्यायिक आदेश के दायरे भी बदल जाते हैं? बहरहाल आतिशी को मुख्यमंत्री बनाने का समझौता मानसिक तौर पर किया गया है, लिहाजा विधायक दल का नेता चुने जाने के बावजूद आतिशी ने साफ तौर पर बयान दिया है कि दिल्ली का एक ही मुख्यमंत्री है- केजरीवाल। वह मेरे राजनीतिक गुरु और बड़े भाई हैं। हमें पूरी ताकत और एकजुटता से प्रयास करना है कि नया जनादेश भी 'आप' को ही मिले और केजरीवाल एक बार फिर मुख्यमंत्री बन सकें। आतिशी ने यह भी कहा कि वह खुश भी हैं और दुखी भी हैं, क्योंकि केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया है। वह दुखी मन से ही सत्ता संभालेंगी। दिल्ली के लोग भी व्यथित हैं और रो रहे हैं कि केजरीवाल ने इस्तीफा क्यों दिया?" राजनीतिक विरोधी और विश्लेषक, बेशक, आतिशी को 'रबर स्टांप', 'रिमोट कंट्रोल' या 'खड़ाऊं मुख्यमंत्री' करार दें, लेकिन वह नाकाबिल नहीं हैं। आतिशी बहुशिक्षित हैं और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से उन्होंने दो मास्टर्स डिग्रियां हासिल की हैं। इसके लिए उन्हें अलग-अलग छात्रवृत्ति दी गई। आतिशी सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों की नेता हैं। उन्होंने जल-सत्याग्रह में भी भाग लिया। कई साल अध्यापन का कार्य भी किया। वह अन्ना हजारे के 'भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन और अनशन' की देन हैं। हालांकि राजनीतिक क्षितिज पर आतिशी का उदय बाद में हुआ। यदि उन्हें 'खड़ाऊं मुख्यमंत्री' मान भी लिया जाए, तो ऐसा कौनसा विरला मुख्यमंत्री या मंत्री है, जो आलाकमान की तय लकीर पर न चलता हो? केजरीवाल 9 साल से अधिक समय तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे हैं, झुग्गियों में आम आदमी के लिए काम किया है और भारत सरकार में आयकर आयुक्त के पद पर काम किया है। यानी सवाल प्रशासन और अनुभव का है। इनके अलावा, केजरीवाल 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक हैं, उनके नाम पर ही वोट मिलते हैं, यदि वह कुछ आग्रह करते हैं या नीतिगत सुझाव देते हैं, तो उन्हें आतिशी कैसे खारिज कर सकेंगी? हमारे देश में राजनीतिक दलों के भीतर इतना लोकतंत्र नहीं है कि आलाकमान की परवाह न की जाए। आलाकमान किसी भी मुख्यमंत्री या मंत्री की 'कुर्सी' छीन भी सकता है। बहरहाल आतिशी ऐसी नेता बन गई हैं, जो सिर्फ 12 साल की राजनीति में ही साधारण कार्यकर्ता से मुख्यमंत्री बन रही हैं। उन्होंने मंत्री रहते हुए 13 विभागों की जिम्मेदारी संभाली है, लिहाजा प्रशासन का अनुभव पर्याप्त होना चाहिए।

ऋषभ शर्मा

# विपक्ष पर दबाव का केजरीवाली आतिशी दांव

**अरविंद** केजरीवाल राजनीति के चतुर खिलाड़ी हैं। उन्होंने राजनीति में कुछ मौलिक प्रतिस्थापनाएं की है, बने-बनाये रास्तों पर न चलकर नये रास्ते इजाद किये हैं। वे संकटों को अवसर में बदलने वाले करिश्माई व्यक्तित्व भी हैं। उनकी राजनीति अनेक विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी रही है, उनके व्यवहार एवं वचनों में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित होते रहे हैं, लेकिन ये ही विरोधाभास उनकी राजनीतिक चमक का कारण भी बने हैं। क्योंकि राजनीति में सब जायज माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय से सशर्त जमानत मिलने से खुद को बंधा महसूस करते हुए उन्होंने इस्तीफे का धारदार दांव चलाकर राजनीतिक जगत में एक हलचल पैदा कर दी। वहीं पार्टी में संभावनाओं भरे अनेक चेहरों के होने के बावजूद उन्होंने आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया, जबकि वह वरिष्ठता क्रम में निचले पायदान पर खड़ी थी, लेकिन केजरीवाल ऐसे चौंकाने वाले फैसले पहले भी लेते रहे हैं। लेकिन इस तरह वे जनादेश का मज़ाक भी बनाते रहे हैं तो संवैधानिक स्थितियों की धता भी करते रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल साहस के कदम एवं चतुराई की आंख लेकर परम्परागत राजनीति की जंजीरों को तोड़कर आगे निकलते रहे हैं। संभावनाएं की जा रही थी कि केजरीवाल आम आदमी पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता को मुख्यमंत्री बना सकते हैं। अधिक संभावनाएं उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाये जाने की थी। क्योंकि क्षेत्रीय दलों में किसी राजनीतिक या कानूनी संकट के चलते परिवार के ही किसी सदस्य को सत्ता की बागडोर सौंप देने परंपरा रही है। ताकि स्थितियां सामान्य होने पर फिर मुख्यमंत्री की गद्दी आसानी से वापस ली जा सके। इसके अनेक उदाहरण है, जिनमें बिहार में चारा घोटाले में घिरने के बाद लालू यादव ने पत्नी राबड़ी देवी को सत्ता की बागडोर सौंपी थी। बहरहाल, केजरीवाल ने जेल से बाहर आते ही अपने तरकश से जो तीर चले हैं, उनकी धार एवं तीक्ष्णता को महसूस किया जा सकता है। इन तीरों से हरियाणा व जम्मू कश्मीर चुनाव समेत अन्य राष्ट्रीय मुद्दों में उलझी भाजपा व कांग्रेस पर केजरीवाल ने मनोवैज्ञानिक राजनीतिक दबाव तो बना ही दिया है। हरियाणा में स्वतंत्र चुनाव लड़ने का निर्णय लेकर उन्होंने सत्ता के गठन में स्वयं को एक ताकतवर मोहरे के रूप में प्रस्तुत करने का चतुराई भरा खेल भी खेला है। दिल्ली में भी उन्होंने अपनी निस्तेज होती स्थितियों को मजबूती दी है।

दरअसल, केजरीवाल भ्रष्टाचार के विरोध में आन्दोलन के योद्धा के रूप में वर्ष 2014 के इस्तीफे के दांव की तरह 2015 में आम आदमी पार्टी को मिली भारी जीत का अध्याय दोहरा देना चाहते हैं। लेकिन इस बार की स्थितियां खुद भ्रष्टाचार में लिप्त होने से खासी चुनौतीपूर्ण व जोखिमभरी हैं। निस्संदेह, यह दांव मुश्किल भी पैदा कर सकता है क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी। भले ही केजरीवाल अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हो, लेकिन वे अपने देश को, अपने पैरों की जमीन को एवं राजनीतिक मूल्यों को नहीं पहचान रहे हैं। 'आप' की राजनीति नियति भी विसंगति का खेल खेलती रहती है। पहले जेल जाने वालों को कुर्सी मिलती थी, अब कुर्सी वाले वाले जेल जा रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? आप के शीर्ष नेताओं के लिये पहले श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। कैसे आप की राजनीति इस शर्म के साथ जनता से मुखातिब होगी और जनता क्या जबाव देगी, यह भविष्य के गर्भ में है।

जिन अप्रत्याशित हालात में एवं बहुत कम समय के लिये आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया गया है, वे बेहद चुनौतीपूर्ण हैं। विधानसभा चुनावों से ठीक पहले राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के कई उदाहरण हाल के वर्षों में दिखे हैं, लेकिन यह मामला उन सबसे अलग है। पिछले करीब दो साल न केवल आम आदमी पार्टी के लिए बल्कि दिल्ली सरकार के लिए भी इस मायने में चुनौतीपूर्ण रहे कि एक-एक कर उसके कई बड़े नेता और मंत्री जेल भेज दिए गए। दिल्ली का विकास मुफ्त की संस्कृति की भेट चढ़कर विकास को अवरुद्ध किये हुए हैं। मुख्यमंत्री केजरीवाल के जेल जाने के बाद संकट और गहराया। इन संकटपूर्ण हालातों में आतिशी ने पार्टी का प्रभावशाली ढंग से बचाव किया। उन्होंने सौरभ भारद्वाज और अन्य साथियों के साथ मिलकर सड़क से लेकर मीडिया तक आम आदमी पार्टी की जंग लड़ी, उससे कार्यकर्ताओं में उनकी एक जुझारू छवि बनी है। ऐसे में, उनसे उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। क्या अतिशी अपने राजनीतिक कौशल से यह पद पाया है या वे केजरीवाल की राजनीति का एक मोहरा-भर बनी है? उनके हिस्से में यह पद तब आया जब पार्टी के दो सबसे बड़े नेताओं- अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया-ने कह दिया कि वे नए सिरे से जनादेश हासिल करने के बाद ही पद पर बैठेंगे। अगर पार्टी जनादेश हासिल नहीं कर पाती तब तो उन्हें पद छोड़ना ही पड़ेगा, अगर पार्टी चुनाव जीतती है तब भी मुख्यमंत्री पद से उनका हटना लगभग तय है। इन स्थितियों में कांटोंभरा ताज पहनकर उनके कामकाज एवं प्रभावी नेतृत्व का क्या औचित्य है?

अतिशी एक वफादार एवं जिम्मेदार नेता के रूप में अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रही है। पार्टी के लिये उनके समर्पण एवं अटूट निष्ठा की मुद्रा विधायक दल की नेता चुने जाने के वक्त भी सामने आयी, जब आतिशी ने सार्वजनिक रूप से यह कहा कि वह सिर्फ अगले चुनाव तक पदभार संभाल रही हैं, पार्टी के भीतर किसी नए केंद्र की आशंका को तिरोहित करना तो है ही, कहीं न कहीं यह वरिष्ठ नेताओं की आहत महत्वाकांक्षाओं पर मरहम रखना भी है। आतिशी का यह पहला कार्यकाल है, और किसी गैर-राजनीतिक पारिवारिक पृष्ठभूमि की महिला का पांच साल के भीतर यूं मुख्यमंत्री की कुरसी तक पहुंचने का यह विरल उदाहरण भी है। अतिशी दिल्ली जैसे सुबे की मुखिया बनी हैं, जिस दिल्ली ने सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसी दिग्गज महिला नेताओं का शासन देखा है। कुल मिलाकर, दिल्ली में शुरू हुए आप के इस नए प्रयोग और उसके नतीजों पर सबकी नजरें होंगी।

अरविंद केजरीवाल ने महाराष्ट्र और झारखंड के साथ ही दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव कराने की मांग की है, उनकी यह मांग अस्वीकृत हो गयी है, फिर भी अगले साल फरवरी के पहले पखवाड़े तक दिल्ली में चुनाव कराने होंगे। केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सोची-समझी रणनीति के तहत ही दिया है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव को अपनी ईमानदारी के जनमत संग्रह के रूप में दर्शा सकें। उनका मकसद भाजपा सरकार द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के आरोपों का मुकाबला करने तथा खुद को राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार के रूप में दिखा जनता की सहानुभूति अर्जित करना भी है। लेकिन इस तरह की राजनीतिक चतुराई में अगर कोई आधार नहीं होता, कोई तथ्य नहीं होता, कोई सच्चाई नहीं होती तो दूसरों के लिए खोदे गए खड्डों में स्वयं एक दिन गिर जाने की स्थिति बन जाती है। कुछ लोग इस प्रकार से प्राप्त जीत की खुशी मनाते हैं, कुछ इस प्रकार की हार की खुशी मनाते हैं, जो कभी जीत से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि गलत तरीकों से प्राप्त जीत से सिद्धांतों पर अडिग रहकर हारना सम्मानजनक होता है।

Invitin.g Shopperr's
Design Your Dream Attire
- Couture, Clothing & Designer Fabrics
- Rental Wedding, Lehengas, & Gowns
- Exclusive Nail Art
- Designer Mehandi
- Cosmetics

B-20/11, Double Storey, Ramesh Nagar, Delhi | Mob.: 9911294429, 011-45294429

SINCE 1975
KARAN'S
VAISHNO DHABA
MOUTH WATERING CUISINES

Lunch: 11:30am to 4.00pm * Dinner: 7.00pm to 11.00 pm

Food Without Onion & Garlics On Every Navratra

Note:
Please allow extra time for delivery on Suturday, Sunday and Holiday
Rates are subject to change without prior notice
Minimum delivery time 30 min. to 45min
All the items may not be available at all the time
Home delevery charged rs. 20.- within 1km

Home Delevery
8700965740,
9871558873,
9212598873

Spl. In Outdoor Catering

Prince Realtech & Developers

S.B. Malik (Jaggu Ji)
9311906362
011-41421363

SALE
PURCHASE
RENTING
COLLABORATION
AGRICULTURE LAND
FARM LAND
RESIDENTIAL
COMMERCIAL
INDUSTRIAL

B-121AC, Mansarover Garden,
New Delhi-110015

We Positive Care
We Positive Care
Chitragupt Foundation

C186 A , 4th floor hari nagar
clock tower, Pincode 110064

Punnu Biriyani

M:- 093134 07108

punnubiriyani.com

Free Home Delivery

011-25119013,
41447298,
25446671

(Jhatka Used Here)

Note- For Franchise Inquiry,call- 9313407108

DDA LIG Market, Near Cambridge Foundation School,
Rajouri Garden, New Delhi, Delhi 110027
Takeout / Delivery Open Closes 23:30

श्री राधे
श्री गणेशायः नमः

श्री राधिका ज्योतिष शोध संस्थान

ज्योतिष, वास्तु अंक विद्या, हस्त रेखा व लाल किताब,
पीली किताब द्वारा सभी समस्याओं का समाधान

शादी या सन्तान नही होना, नौकरी नही लगना, व्यापार नही चलना
शारीरिक परेशानी या गृह कलेश रहना व अजीब घटनाओं का घटना

आपकी कुण्डली में घटित मांगलिक दोष,
ग्रहण दोष व काल सर्प दोष व अन्य सभी
दोषों के समाधान के लिए सम्पर्क करें।

सभी प्रकार के वैदिक अनुष्ठानों के लिए सम्पर्क करें।

Pt. S.K. Sharma, Vedic Astrolger n Healer!

Thirak Fitness Classes

Be Healthy
Learn YOGA

WEDDING CHOREOGRAPHY & EVENT MANAGEMENT WORKSHOP

Venue : 7/89, Ramesh Nagar
Contact : Mrs. EKTA ABROL
Mob:- 9899900178

- Yoga with Zumba
- Exercise
- Dumble Exercise
- Stepper Exercise
- Abs Workout
- Meditation
- Pranayam

फीजियोथिरेपी सेन्टर

आधुनिक मशीनों से युक्त व कुशल
डॉक्टर की देख रेख में चल रहा है।

समयः प्रात 9 बजे से 12 बजे तक एवं
सायं 5 बजे से 7 बजे तक

रविवार अवकाश

कीर्ति नगर श्री सनातन धर्म सभा (पंजी.)
गीता भवन, कीर्ति नगर, नई दिल्ली- 110015

# घरेलू संस्थाओं से सहकारिता गुर सीखेंगे विदेशी मेहमान

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन (आइसीए) के सदस्य देशों के प्रतिनिधि भारतीय सहकारी संस्थाओं से सहकारिता के गुर सीखेंगे। जी-20 सम्मेलन की तर्ज पर देश के विभिन्न राज्यों में बैठकों का आयोजन किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का आगाज वैश्विक सहकारिता सम्मेलन के दौरान किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान ऐसे आयोजनों की श्रृंखला शुरु होगी, जिससे देश के विभिन्न हिस्सों में सहकारी क्षेत्र में हो रहे उल्लेखनीय कार्यों को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने में मदद मिलेगी।

इफको और एनसीयूआई चेयरमैन श्री दिलीप संघाणी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान जी-20 सम्मेलन की तर्ज पर देश के अलग-अलग राज्यों में विभिन्न कोऑपरेटिव संस्थाओं द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र ने अगले वर्ष को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की है। इसकी औपचारिक शुरुआत 25-30 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले वैश्विक सहकारी सम्मेलन के दौरान की जाएगी। श्री संघाणी ने गुरुवार को पत्रकारों के साथ बातचीत में यह जानकारी दी।

श्री दिलीप संघाणी ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने और दुनिया को नई दिशा दिखाने की क्षमता है। आज दुनिया जिस दौर से गुजर रही है उसमें बिना खून बहाए सहकारिता आंदोलन से ही पूरे विश्व में समृद्धि का द्वार खोला जा सकता है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "सहकार से समृद्धि" के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) और इफको के गठजोड़ से होने वाले वैश्विक सहकारी सम्मेलन के आयोजन से भारतीय सहकारिता क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

उन्होंने बताया कि इफको ने नैनो (तरल) फर्टिलाइजर, नैनो (तरल) यूरिया और नैनो (तरल) डीएपी के 20 प्रतिशत निर्यात की अनुमति केंद्र सरकार से मांगी है। अभी तक भारत विभिन्न फर्टिलाइजर का आयात करता रहा है। अगर केंद्र सरकार से अनुमति मिल जाती है तो यह पहली बार होगा जब नैनो फर्टिलाइजर का निर्यात किया जाएगा। इससे जो फर्टिलाइजर सब्सिडी बचेगी उसका आधा हिस्सा राज्यों को और आधा सहकारी संस्थाओं को दिया जाएगा।

# हाशिम बाबा गिरोह के दो शूटर गिरफ्तार, मुठभेड़ में दोनों को पैर में लगी गोली

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आज तड़के मुज्जफरनगर के खतौली में यूपी एसटीएफ के साथ मिलकर मुठभेड़ के बाद कुख्यात हाशिम बाबा गिरोह के दो शूटर को दबोचा। इनमें एक नाम अनस और दूसरे का असद है। दोनों के पैरों में गोली लगी है।

दोनों जीटीबी अस्पताल में एक मरीज की हत्या करने के मामले में वांछित थे। बदमाशों के कब्जे से तीन पिस्तौल और 9 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

आरोपी अनस दिल्ली में चार आपराधिक मामलों, हत्या के दो मामलों और हत्या के प्रयास के दो मामलों में वांछित था।अनस नाबालिग रहने के दौरान ही अपराध करने लगा था। 50 से अधिक अपराधी इसके गिरोह में है। जबरन वसूली, लूट, झपटमारी मुख्य काम है

अनस का भाई अलमास उर्फ अल्लू जेल में बंद है। उत्तर पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ ने मुठभेड़ में इसको गोली मारी थी। संक्रमण के चलते अलमास की एक टांग काटनी पड़ी थी। अलमास गिरोह चलाता है, जिसमें अधिकतर नाबालिग बदमाश है। अनस ने इस वक्त अल्लू गिरोह की कमान संभाल रखी थी।

इसने बीती जुलाई में कुख्यात गैंगस्टर हाशिम बाबा के इशारे पर जीटीबी अस्पताल में भर्ती घोषित बदमाश वसीम की हत्या की साजिश रची। पहचान न हो पाने पर बदमाशों ने वसीम की जगह दूसरे मरीज की गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में अनस वांछित चल था। इसी दौरान इसने रंजिश में वेलकम में दूध कारोबारी के पैर में गोली मारी थी। अनस ने ही गत मई माह चौहान बांगर में नन्हे नाम के एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या करवाई थी। अनस के दो गुर्गों ने पिछले पांच दिनों में उत्तर पूर्वी जिले में लूट की ताबड़तोड़ वारदात की थी। मंगलवार को ही नाबालिग समेत दो पकड़े गए हैं।

# दिल्ली में डेंगू का खतरा बढ़ा, अब तक सामने आए 917 मामले

**नई दिल्ली।** महापौर डॉ. शैली ओबेराय ने बुधवार को मच्छर जनित बीमारियों से निपटने के लिए दिल्ली नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। महापौर ने कहा कि नगर निगम के सतर्क एवं सतत प्रयासों के कारण इस वर्ष जनवरी से 14 सितंबर तक डेंगू के कुल 917 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 2,264 मामले दर्ज किए गए थे।

इस वर्ष जनवरी से 14 सितंबर तक डेंगू जांच की पाजिटिविटी दर 18 प्रतिशत है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में यह 56 प्रतिशत थी। सेंट्रल जोन में इस वर्ष जनवरी से 14 सितंबर तक डेंगू के कुल 82 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 269 मामले दर्ज किए गए थे।

सिटी एसपी जोन में 39 मामले, सिविल लाइंस जोन में 52 मामले, साउथ जोन में 100 मामले करोल बाग में अब तक 86 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में सिटी एसपी जोन में 106, सिविल लाइंस जोन में 112, साउथ जोन में 314 और करोल बाग में 205 मामले दर्ज किए गए थे।

महापौर ने कहा कि एमसीडी ने राष्ट्रीय राजधानी में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे मच्छर जनित रोगों (वीबीडी) के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए अपने प्रयासों को तेज कर दिया है।

घर-घर जाकर जांच में 2.69 करोड़ से अधिक घरों का दौरा किया गया, जिसमें 1,77,720 घरों में मच्छरों के प्रजनन स्थल पाए गए।

प्रजनन स्थलों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया और घर के मालिकों को स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी व्यवहारों के बारे में शिक्षित किया गया। डीएमसी अधिनियम के तहत मलेरिया और अन्य वेक्टर जनित रोग उपनियमों के प्रविधान के तहत 106050 कानूनी नोटिस, 36008 चालान और 8639 जुर्माने लगाए गए हैं।

ANCHAL PLAYWOOD EMPORIUM

DEALS IN:
COMMERCIAL PLAYWOOD, WATER PROOF PLAYWOOD, TEEK PLAYWOOD, PARTICLE BOOD. M.D.F SUNMICA

SATISH BANSAL
9899786284
989176284

A-205, WHS TIMBER MARKET KIRTI NAGAR, NEW DELHI-15

Metro WELCOME TO THE Metro WORLD
IN INDIAN KITCHEN SINCE 1989
AAPKE SWAAD AUR SEHAT KA RAKHE POORA DHYAAN... !!

Bhagwan Dass & Co
GSTIN: 07AAFPA8352E1Z1
Deals in all kinds of Pressure Cookers, Thermowares, SS Casseroles, Electrical Appliances, LPG Stoves, Non-Stick & Hard Anodized Cookwares

Address : 4759 Deputy Gunj, Sadar Bazar, Delhi - 110006
Mb : 93108-44445, 7-99999-666-2, 93122-44445, 0112-363-2899
Website : kunal9agg.wixsite.com/metrocookers
Bank Details:
Kotak Mahindra Bank: 0711364149 / IFSC Code: KKBK0000207
AU Small Finan Bank: 1921210323810933 / IFSC Code : AUBL0002103

Aishanya
Aesthetic Centre
Skin/Cosmatic/Hair/Laser Treatment

Unwanted Hair Gone Forever
with the world's leading
Laser Technology

Rhinoplasty Surgery

Hair-Loss
Painless Process

Acne/Scars/Pigmentation Removal
With World Best Derma Technology
Rhinoplasty & Fillers Expert

Face Fillers

Breast Augmentation
Non-Surgical

Dr. Saloni Sinha
M.B.B.S, M.S.(ENT), F.A.M.
Rhinoplasty Expert
DMC No. 57646

Fat Reduction
Surgical
Non-surgical

For Book Appoinment Call 7836863883
A2/108, Prabhu Specialist Clinic, Room No.1, Major Deepak Tyagi Marg, Janakpuri Delhi-58

# कितने महीनों तक बच्चे के लिए ब्रेस्टफीडिंग है जरूरी

**बच्चे** के लिए मां का दूध सबसे अच्छा आहार माना जाता है। मां के दूध में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, तो बच्चे के विकास के साथ-साथ इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मदद करते हैं। ब्रेस्टफीडिंग न सिर्फ बच्चे बल्कि मां के लिए भी लाभकारी मानी जाती है। जन्म से लेकर 6 माह तक बच्चे को सिर्फ मां का दूध पिलाए जाने की सलाह दी जाती है। तो वहीं कुछ महिलाएं 6 महीने के बाद भी बच्चे को ब्रेस्टफीड करवाती हैं। ऐसे में अगर आपके मन में भी यह सवाल है कि बच्चे को कब तक ब्रेस्टफीडिंग करवानी चाहिए, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

**कब तक कराएं ब्रेस्टफीडिंग**

बता दें कि मां के दूध में सभी तरह के कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन्स, फैट, विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं। यह सभी न्यूट्रिएंट्स बच्चे के विकास में जरूरी होते हैं। मां का दूध बच्चे के अंगो के विकास के लिए जरूरी होता है। हालांकि बच्चा 6 महीने तक कुछ खा नहीं सकता है, इसलिए उसे सिर्फ ब्रेस्टफीडिंग करानी चाहिए। 6 महीने से लेकर 1 साल तक ब्रेस्टफीडिंग कराने की सलाह दी जाती है। इसे मां और बच्चे के कंफर्ट के हिसाब से 1 साल से 2 साल तक की उम्र तक जारी रखा जा सकता है।

**एक्सटेंडेड ब्रेस्टफीडिंग के फायदे**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, एक्सटेंडेड ब्रेस्टफीडिंग के भी तमाम फायदे हैं, जिसमें पहला न्यूट्रिशनल सपोर्ट है। बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग से जरूरी न्यूट्रिएंट्स और एनर्जी मिलती है।

एक्सटेंडेड ब्रेस्टफीडिंग कराने से बच्चे की इम्यूनिटी मजबूत होती है। इससे बच्चा कई तरह की एलर्जी और इंफेक्शन से बचता है।

यह मां और बच्चे के इमोशनल बॉन्ड को मजबूत करता है। मां के शरीर में ब्रेस्टफीडिंग से कुछ ऐसे हार्मोन रिलीज होते हैं, जिससे स्ट्रेस कम होता है।

एक्सटेंडेड ब्रेस्टफीडिंग से मां को पोस्टपार्टम डिप्रेशन का खतरा कम रहता है और वह बच्चे से कनेक्शन महसूस करती है।

हालांकि एक्सटेंडेड ब्रेस्टफीडिंग कराने वाली महिलाओं को अपनी डाइट का भी खास ख्याल रखना चाहिए।

यह सिर्फ बच्चे के लिए ही नहीं बल्कि मां के लिए भी फायदेमंद होता है।

ब्रेस्टफीडिंग कराने से महिलाओं को टाइप 2 डायबिटीज, कैंसर और पोस्टपार्टम डिप्रेशन का खतरा कम हो जाता है।

बता दें कि एक्सटेंडेड ब्रेस्टफीडिंग पूरी तरह से व्यक्तिगत प्राथमिकताओं और परिस्थितियों डिपेंड करता है। इसलिए मां की सेहत और कंफर्ट का ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि नई मां के लिए फिजिकल और मेंटल हेल्थ दोनों जरूरी होते हैं। वहीं ब्रेस्टफीडिंग कब बंद करनी है और कब तक करानी है, यह पूरी तरह से मां पर निर्भर करता है।

वहीं अगर बच्चा कमजोर है या बार-बार बीमार पड़ जाता है, तो ब्रेस्टफीडिंग को जारी रखा जा सकता है। एक्सटेंडेड ब्रेस्टफीडिंग के लिए बच्चे के विकास और सेहत को भी ध्यान में रखा जा सकता है। कई बार बच्चे को दो साल की उम्र तक दूध पिलाने की सलाह भी दी जाती है।

# आपको वजन करना है कम तो डाइट में शामिल करें पपीता

**पपीता** एक ऐसा फल है, जो साल के बारह महीने आसानी से मिलता है। बेहद कम दाम में मिलने वाला यह सेहत के लिए बेहद ही गुणकारी है। पपीता सिर्फ पाचन तंत्र के लिए ही अच्छा नहीं माना जाता है, बल्कि यह वजन कम करने में भी मददगार है। अगर आप एक हेल्दी लाइफस्टाइल जीते हुए पपीते को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं तो इससे यकीनन आपको वजन कम करने में मदद मिलती है। यह एक नहीं, बल्कि कई तरीकों से वजन कम करने में सहायक है। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में-

**कैलोरी होती है कम**

पपीता एक ऐसा फल है, जिसका कैलोरी काउंट काफी कम होता है। इसलिए, जब आप इसका सेवन करते हैं तो आपको फुलर तो महसूस होता है, लेकिन आपका कैलोरी काउंट गड़बड़ाता नहीं है। मिड मील्स में पपीता खाने से आप अनहेल्दी स्नैकिंग करने से बच जाते हैं।

**फाइबर होता है अधिक**

पपीता में डायटरी फाइबर अच्छी मात्रा में पाया जाता है। जिसके कारण पपीता आपको अधिक देर तक फुलर होने का अहसास करवाता है। फाइबर होने के कारण आप ओवरईटिंग से बच जाते हैं और इससे कैलोरी इनटेक को बैलेंस करने में मदद मिलती है। जिससे आपके लिए वजन कम करना अधिक आसान हो जाता है।

**बेहतर हाइड्रेशन**

पपीते का सेवन करने का एक लाभ यह होता है कि इसमें पानी की मात्रा अधिक होती है। जिसके कारण आपको खुद को हाइड्रेटेड रखने में मदद मिलती है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन कभी-कभी आपका शरीर प्यास को भूख लेता है और इससे आप ओवरईटिंग करने लग जाते हैं। इसलिए, जब आप पपीता खाते हैं तो इससे आपको हाइड्रेटेड रहने से मदद मिलती है, जिससे अनावश्यक स्नैकिंग से बचा जा सकता है।

**फैट होता है कम**

जिस तरह पपीते में कैलोरी कम होती है, ठीक उसी तरह यह फैट फ्री होता है। इसलिए, जब पपीते को डाइट में शामिल किया जाता है तो इससे आप अपने फैट इनटेक को कम कर पाते हैं और इस तरह वजन कम करना काफी आसान हो जाता है।

**पाचन में सहायक**

पपीते में पपेन और काइमोपैपेन होते हैं, जो पाचन में सहायता करते हैं और कब्ज से लड़ते हैं। इतना ही नहीं, यह पेट के अल्सर की रोकथाम और उपचार करने में भी मदद कर सकता है। हेल्दी गट और डाइजेस्टिव सिस्टम वजन कम करने में सहायक माना जाता है।

# पीसीओडी के लक्षणों को कम करने के लिए पिएं ये ड्रिंक्स

**पीसीओडी** में महिलाओं के शरीर में कई बदलाव देखने को मिलते हैं। इसकी वजह से हार्मोनल इंबैलेंस होता है, जिससे महिलाओं के शरीर पर बुरा असर होता है। इसकी वजह से महिलाओं को पीरियड्स में काफी मुश्किल होती है। PCOD की समस्या होने पर पीरियड्स अनियमित हो जाती है और जब पीरियड्स आते हैं तो यह लंबे समय के लिए आते हैं और वेट भी बढ़ जाता है। बता दें कि PCOD यानी पॉलिसिस्टिक ओवरी डिजीज एक हार्मोनल डिसऑर्डर होता है। इसमें महिलाओं के शरीर में मेल हार्मोन की मात्रा बढ़ जाती है और महिलाओं की फर्टिलिटी पर इसका असर होता है।

PCOD के लक्षणों को मैनेज करने के लिए महिलाओं को रूटीन और डाइट का खास ख्याल रखना चाहिए। पीसीओडी के लक्षणों को कम करने में कई हर्ब्स और मसाले कारगर हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऐसे ही दो मसालों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको मिलाकर पीने से PCOD के लक्षणों को कंट्रोल किया जा सकता है।

**धनिये और दालचीनी का पानी पीने के फायदे**

PCOD के लक्षणों को कम करने के लिए रोजाना सुबह खाली पेट धनिये और दालचीनी का पानी पीना चाहिए।

PCOD की वजह से महिलाओं को डायबिटीज का खतरा हो सकता है। ऐसे में दालचीनी का पानी पीने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।

दालचीनी की चाय पीने से इंसुलिन रेजिस्टेंस में सुधार होता है और क्रेविंग्स कम होती हैं। इसके सेवन से ब्लड शुगर लेवल मैनेज होने के साथ पीरियड्स भी नियमित होते हैं।

दालचीनी ओव्युलेशन को सुधारने के साथ पीरियड्स के दौरान होने वाली दिक्कतों को भी दूर करने में सहायक होती हैं। पानी में दालचीनी पाउडर मिलाकर पीने से हार्मोनल बैलेंस बना रहता है।

दालचीनी, ओव्युलेशन को भी सुधारती है। PCOD में महिलाओं को पीरियड्स में कई मुश्किलें होती हैं और इन्हें दूर करने में दालचीनी की चाय या पानी कारगर है। पानी में दालचीनी पाउडर मिलाकर पीने से हार्मोनल बैलेंस बना रहता है।

एक गिलास पानी में चौथाई चम्मच दालचीनी का पाउडर डालकर अच्छे से उबाल लें। फिर इसको सुबह खाली पेट छानकर पिएं।

धनिया का पानी पीने से महिलाओं में पीरियड से जुड़ी समस्याएं कम होती हैं।

बता दें कि धनिया के बीज में मौजूद गुण मेटाबॉलिज्म में सुधार होता है और हार्मोनल बैलेंस बनाता है।

धनिया के बीजों में कई एंटी ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो PCOD के लक्षणों को मैनेज करने में मदद करता है।

दो चम्मच धनिया के बीजों को एक गिलास पानी में डालकर इसको आधा रह जाने तक उबालें। फिर इसको छानकर सुबह खाली पेट पिएं।

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक सुबह खाली पेट इस पानी में इन 2 चीजों को मिलाकर पीने से लाभ मिलता है।

# यशस्वी जायसवाल ने बना डाले कई रिकॉर्ड्स

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन युवा सनसनी यशस्वी जायसवाल ने शानदार अर्धशतकीय पारी (56) खेली। यशस्वी को छोड़ भारतीय शीर्ष क्रम में और कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। उनके अलावा ऋषभ पंत ने 39 रन की पारी खेली।यशस्वी ने इस दौरान कई रिकॉर्ड्स भी बनाए।

यशस्वी ने 118 गेंदों का सामना किया और 56 रन बनाए। उनके बल्ले से 9 चौके निकले।एक समय भारत के 3 बल्लेबाज सिर्फ 34 रन पर पवेलियन लौट गए थे। यहां से यशस्वी ने पंत के साथ 99 गेंद में 62 रन की साझेदारी निभाई। पंत के आउट होने के बाद उन्होंने केएल राहुल के साथ 48 रन जोड़े।ऐसा लग रहा था कि यशस्वी एक बड़ी पारी खेलेंगे, लेकिन नाहिद राणा ने उन्हें आउट कर पवेलियन भेज दिया।

पहले 10 टेस्ट में सबसे ज्यादा 50+ का स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में यशस्वी अब संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।यशस्वी ने 8 बार यह किया है। भारत के पूर्व खिलाड़ी सदगोपन रमेश ने भी पहले 10 टेस्ट में 8 बार 50+ का स्कोर बनाया था।यशस्वी के पास अभी एक और पारी है और वह सुनील गावस्कर की बराबरी कर सकते हैं। पहले 10 टेस्ट में गावस्कर ने 9 बार 50+ का स्कोर बनाया था।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2023-25) के चक्र में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में यशस्वी दूसरे स्थान पर आ गए हैं।उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बेन डकेट को पीछे छोड़ा है। डकेट के 16 मैच में 1,028 रन हैं। यशस्वी के 10 मैच में 1,084 रन हो गए हैं। पहले स्थान पर जो रूट (1,398 रन) हैं।यशस्वी चक्र में सबसे ज्यादा बाउंड्री (चौके-छक्के) लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने 117 चौके और 29 छक्के लगाए हैं।

यशस्वी ने 10 टेस्ट मैच खेले हैं। इसकी 17 पारियों मेंइ 1 बार नाबाद रहते हुए 67.75 की उम्दा औसत के साथ 1,084 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 3 शतक और 5 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214* रन रहा है। इस खिलाड़ी ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2023 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। साल 2024 में इस खिलाड़ी ने 7 मैच की 12 पारियों में 72.36 की औसत से 796 रन बनाए हैं।

## चेन्नई टेस्ट के पहले दिन ही बवाल, लिटन दास से भिड़ गए ऋषभ पंत

**चेन्नई।** भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई में टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला जा रहा है। टीम इंडिया की शुरुआत बेहद खराब हुआ। हालांकि यशस्वी जयसवाल ने मोर्चा संभाले रखा। टीम इंडिया के लिए ऋषभ पंत ने 39 रनों की पारी खेली। पंत ने 52 गेंदों का सामना करते हुए 6 चौके भी लगाए। पंत की इस पारी के दौरान बवाल होते-होते बच गया। वे लिटन दास से भिड़ गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया गया है।

दरअसल भारत की पारी के दौरान ऋषभ पंत नंबर पांच पर बैटिंग करने आए। उन्होंने 52 गेंदों का सामना करते हुए 39 रन बनाए। पंत ने 6 चौके लगाए। भारत की पारी के 16वें ओवर में पंत बैटिंग कर रहे थे। इस दौरान वे तीसरी गेंद पर सिंगल लेना चाहते थे। लेकिन दूसरे छोर पर खड़े यशस्वी ने मना कर दिया। इसी बीच गेंद गली के फील्डर ने थ्रो की और वह पंत के पैड पर जा लगी। इससे पंत नाराज दिखे। इस पर पंत ने लिटन दास से कहा, उसको फेंक ना भाई, मुझे क्यों मार रहे हो। पंत इस पर नाराज दिखे। हालांकि यह मामला संभल भी गया।

भारत की शुरुआत बेहद खराब रही। उसका पहला विकेट महज 14 रनों के स्कोर पर गिरा। कप्तान रोहित शर्मा महज 6 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 19 गेंदों का सामना करते हुए 1 चौका लगाया। शुभमन गिल खाता तक नहीं खोल सके। वे 8 गेंदों का सामना करते हुए जीरो पर आउट हुए। विराट कोहली महज 6 रन बनाकर चलते बने। बता दें कि भारतीय पारी के दौरान शुरुआती चारों विकेट बांग्लादेशी गेंदबाज हसन महमूद ने झटके। उन्होंने खबर लिखने तक 11 ओवरों में 25 रन देकर 4 विकेट लिए। इस दौरान चार मेडन ओवर भी निकाले। टीम इंडिया की बात करें तो उसने 39 ओवरों तक 4 विकेट के नुकसान के साथ 137 रन बना लिए थे।

## डब्लयूटीसी चक्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज होंगे विराट : रैना

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा है कि आने वाले समय में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) चक्र में विराट कोहली सबसे अधिक रन बनाने वाले क्रिकेटर साबित होंगे। भारतीय टीम को अगले कुछ महीनों में डब्लयूटीसी चक्र के तहत 10 टेस्ट मैच खेलने हैं। इसमें बांग्लादेश के खिलाफ दो , न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन और घरेलू टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया में 5 मैचों की सीरीज भी शामिल है।कोहली ने अंतिम बार जनवरी 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेली थी और इसके बाद से ही वह इस प्रारुप से बाहर रहे हैं। वहीं रैना का मानना है कि इस प्रारुप में वापसी करते हुए कोहली काफी अच्छी बल्लेबाजी करेंगे। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूटीसी में भारत लगभग 10 मैच खेलेगा और मेरा मानना है कि विराट इस टेस्ट चक्र में ढेर सारे रन बनाएंगे। रैना ने कहा आने वाली सभी सीरीजों में विराट पर सभी की नजरें रहेंगी। विराट को भी टेस्ट मैच पसंद हैं और वह उसमें बेहतर प्रदर्शन का परा रैना ने टी20 विश्व कप में कोहली के हाल के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए कहा कि दबाव में भी वह संयमित बने रहकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हैं यही उनकी ताकत है। लचीलेपन पर भी जोर दिया। रैना ने कहा कि विराट दबाव में निखरकर सामने आता है और इस पूरे टेस्ट सत्र के केन्द्र में वह रहेगा।

## पूर्व श्रीलंकाई खिलाड़ी दुलिप समरवीरा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट से 20 साल के लिए प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के पूर्व पुरुष क्रिकेटर दुलिप समरवीरा को एक ईमानदारी जांच के बाद 20 साल के लिए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में किसी भी पद पर रहने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, जहां उन्हें आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन करते पाया गया।

1993 से 1995 तक श्रीलंका के लिए सात टेस्ट और पांच वनडे खेलने वाले समरवीरा पर एक महिला खिलाड़ी से संबंधित कथित दुर्व्यवहार का आरोप लगने के बाद जांच चल रही थी। वह शुरू में 2008 में क्रिकेट विक्टोरिया में विशेषज्ञ बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल हुए थे, इससे पहले पिछले साल नवंबर में उन्हें महिला टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।

"आचरण आयोग ने पाया कि समरवीरा ने अनुचित व्यवहार किया जो सीए की आचार संहिता की धारा 2.23 का उल्लंघन करता है। अनुचित आचरण के आरोप तब लगे जब समरवीरा क्रिकेट विक्टोरिया (सीवी) में कार्यरत थे। "सीए इंटीग्रिटी विभाग इंटीग्रिटी कोड और नीतियों के तहत उसके पास लाई गई शिकायतों की जांच करता है जो राज्य और क्षेत्रीय संघों पर भी लागू होती हैं। आचरण आयोग सीए इंटीग्रिटी द्वारा उसे भेजे गए मामलों की सुनवाई करता है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को एक बयान में कहा, "सीए और सीवी सभी खिलाड़ियों और कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और दुर्व्यवहार के शिकार लोगों का कल्याण सर्वोपरि है। हम अनुचित व्यवहार की रिपोर्टिंग को दृढ़ता से प्रोत्साहित करते हैं, जिसे सीधे सीए इंटीग्रिटी यूनिट या कोर इंटीग्रिटी हॉटलाइन के माध्यम से किया जा सकता है।"

संहिता की धारा 2.23 उस आचरण को संदर्भित करती है जो या तोः (ए) क्रिकेट की भावना के विपरीत है; (बी) किसी प्रतिनिधि या अधिकारी के लिए अनुचित है; (सी) क्रिकेट के हितों के लिए हानिकारक है या हो सकता है; या (डी) क्रिकेट के खेल को बदनाम करता है या कर सकता है।

इस साल मई में, समरवीरा, जिनके छोटे भाई थिलन ने श्रीलंका पुरुष टीम के लिए 81 टेस्ट और 53 वनडे खेले हैं, को दो साल के अनुबंध पर पूर्णकालिक आधार पर इस पद पर नियुक्त किया गया था, लेकिन दो सप्ताह से भी कम समय में उन्होंने पद छोड़ दिया और उनकी जगह मेलबर्न रेनेगेड्स डब्ल्यूबीबीएल के सहायक कोच एंड्रयू क्रिस्टी को नियुक्त किया गया।

52 वर्षीय समरवीरा इस साल अगस्त में भारत ए के खिलाफ बहु-प्रारूप श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम के साथ कोचिंग की भूमिका निभाने के लिए कतार में थे, लेकिन उनके खिलाफ गंभीर कदाचार के आरोप सामने आने के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया।

# 'रामायणः द लेजेंड ऑफ प्रिंस रामा' 18 अक्टूबर को 4K में भारत में होगी रिलीज़!

**मच** अवेटेड एनीमे फिल्म 'रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' हिंदी, इंग्लिश, तमिल और तेलुगु में पूरे भारत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ऐसे में गीक पिक्चर्स इंडिया ने फिल्म का एक टीज़र और पोस्टर रिलीज किया है, जिसे देख फैंस के बीच उत्सुकता बढ़ना तय है। फिल्म की भव्यता को और भी बढ़ाने के लिए, लेजेंडरी स्क्रीन राइटर श्री वी विजयेंद्र प्रसाद ने अपनी क्रिएटिव विजन दिया है, जिन्हें 'बाहुबली', 'बजरंगी भाईजान', और 'आरआरआर' जैसे ब्लॉकबस्टर के लिए जाने जाते हैं।

गीक पिक्चर्स इंडिया के को-फाउंडर अर्जुन अग्रवाल, 'एनीमे में रामायण इंडो-जापान पार्टनरशिप की ताकत का एक जबरदस्त प्रमाण है। राम की टाइमलेस कहानी का यह ताज़ा, जबरदस्त चित्रण बिना किसी शक सभी क्षेत्रों और उम्र के लोगों के दिलों को छूएगा, इस एपिक को एक ऐसे तरीके से जीवंत करेगा जो पहले कभी नहीं देखा गया है।'

'द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा' दशहरा और दिवाली के दौरान रिलीज होगी, जिसमें भारतीय संस्कृति को जापानी एनीमे के साथ मिलाया जाएगा। गीक पिक्चर्स इंडिया, एए फिल्म्स और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा डिस्ट्रिब्यूटेड इस फिल्म का उद्देश्य पूरे भारत में दर्शकों का एंटरटेनमेंट करना है।

# बोल्ड फैशन के लिए फेमस है उर्फी जावेद

**अपने** अतरंगी फैशन सेंस के लिए फेमस उर्फी जावेद इस बात के लिए ट्रोल की जाती हैं कि वह किस तरह के कपड़े पहनती हैं। कभी सेलोटेप, तो कभी बैग की बनी ड्रेस पहनकर उर्फी ने मस्त होकर कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक फोटोशूट कराए हैं। जैसे-जैसे उन्हें पॉपुलैरिटी मिली, वैसे-वैसे मीडिया की नजर उनके परिवार पर भी पड़ी।

उर्फी पांच भाई-बहन हैं। उनकी तरह ही उनकी बहनें भी कम हॉट और ग्लैमरस नहीं हैं। वहीं, अगर उर्फी की पुरानी तस्वीरों को उठाकर देखा जाए, तो उनमें कुछ तो मासूमियत और सादगी नजर आएगी, जो अब दूर-दूर तक नहीं नजर आती। हाल ही में एक इंटरव्यू में उर्फी की बहनों ने उनके व अपने बचपन पर बात की। इस दौरान उन्होंने अपने पिता से जुड़ी एक शॉकिंग बात का खुलासा किया।

पिंकविला को दिए इंटरव्यू में उर्फी जावेद की बहनों ने अपने पिता को लेकर एक हैरान करने वाली बात का खुलासा किया। इस इंटरव्यू में अस्फी, डॉली और उरुसा थीं। जब उनसे पूछा गया कि उर्फी जिस तरह के कपड़े पहनती हैं क्या परिवार को उससे आपत्ति नहीं होती और समाज उन्हें कैसे देखता है, तो अस्फी ने एक हैरान करने वाली बात बताई। उन्होंने कहा कि बचपन में उनके पिता ही उनके कपड़े काट देते थे।

AHUJA ASSOCIATES
Sale | Purchase | Ranting
Collaboration
Divya 9910147454
Mayur 8506941496
Neeraj Gosain 9910258008
7303818886
DIVYA BUILDERS
598, Main Market Ramesh Nagar, New Delhi-110015

Sawariya Fashion
Exclusive Designer Suits, Legenga, Gawan, Co- Ords Set, Blouse, Kurtis, Plaza Pant, Etc.
3/22, Ramesh Nagar, New Delhi-110015
(Near Handa Chemist)
M: 9990618886, 9810618886

KBT
FULFILLING PROMISES
KAMAL
BUILDTECH (P) LTD.
F-29, Central Market, Kirti Nagar, New Delhi-110015
Mob.9990054006, 9310054006

GLAMOUR FURNISHERS
2/2, Furniture Block, Kirti Nagar Industrial Area, Kirti Nagar, New Delhi, Delhi, 110015
011 4142 4680
LEGACY BY NATIONAL
Shop No. 26, Furniture Block, Kirti Nagar Industrial Area, Kirti Nagar, New Delhi, Delhi, 110015

स्वामिधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक सुषमा शर्मा द्वारा दिव्य ऑफसेट प्रिंटर्स, बी-1422 दुर्गा मंदिर, न्यू अशोक नगर, नई दिल्ली-110096 से मुद्रित कराकर बी-5/184, रोहिणी सेक्टर-11 नई दिल्ली से प्रकाशित।
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन एवं प्रकाशन के उत्तरदायी। RNI No. DELHIN/2013/48040, संपर्क 8826286868